हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, बुधवार, 12 फरवरी 2025

13 नशे की लत का कारण व्यक्ति, परिस्थिति, प्रकृति नहीं...



14 महिला कॉलेज में खेल उत्सव की धूम, प्रतिभागियों






## खबर संक्षेप

### दूसरा बागवानी एक्सपो 2025 15 और 16 को

**लोहारू।** गिगनाऊ स्थित इंडो इजराइल अर्ध-शुष्क बागवानी उत्कृष्टता केन्द्र में उद्यान विभाग द्वारा दूसरे बागवानी एक्सपो-2025 का 15 और 16 फरवरी को आयोजन किया जाएगा। मेले में 16 फरवरी को प्रदेश के कृषि,पशुपालन एवं मत्स्य पालन मंत्री श्याम सिंह राणा बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। बागवानी विभाग के महानिदेशक डॉ रणवीर सिंह तथा विभागाध्यक्ष डॉ अर्जुन सिंह भी उपस्थित रहेंगे।

### संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती आज मनेगी

**भिवानी।** चांग में बुधवार को संत शिरोमणि रविदास महाराज की 648वीं जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। संत रविदास सभा के प्रधान शेरसिंह बिब्बा व महासचिव जयबीर नाफरिया ने बताया कि जयंती पर पांच फरवरी से 11 फरवरी तक गांव में एक सप्ताह तक लगातार गुरू रविदास की प्रभात फेरी निकाली। प्रभात फेरी में हररोज सैंकड़ों ग्रामीणों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। मंगलवार को प्रभात फेरी के समापन पर भी ग्रामीणों का सैलाब उमड़ा। उन्होंने बताया कि बुधवार को गांव के संत शिरोमणी रविदास मंदिर में गुरू जी की 648वीं जयंती पर पूरे गांव में शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा से पहले मंदिर प्रांगण में सांस्कृतिक कार्यक्रम व भंडारे का आयोजन किया जाएगा।



**भिवानी।** कोच के साथ पीटीआई प्रवीन भारद्वाज। फोटो : हरिभूमि

### धारेडू के लाल ने किया उत्तराखंड में कमाल

**भिवानी।** उत्तराखंड में 28 जनवरी से 14 फरवरी तक 38वें राष्ट्रीय खेलों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें गांव धारेडू निवासी प्रवीण भारद्वाज ने नेटबॉल की स्पर्धा में हरियाणा की तरफ से भाग लिया तथा हरियाणा की टीम ने प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इस जीत में प्रवीण भारद्धाज ने अहम रोल निभाया। प्रतियोगिता से पहले भी खिलाडी राष्ट्रीय स्तर पर अनेक पदक प्राप्त कर चुका है। बता दे कि प्रवीण शिक्षा विभाग में शारीरिक शिक्षक के पद पर राजकीय वमा विद्यालय भाखड़ा मे कार्यरत है, उनकी उपलब्धि पर भिवानी के खेलप्रेमियों में खुशी का माहौल तथा वे भिवानी पहुंचने उनका स्वागत किया जाएगा।

## नगर पालिका बवानीखेड़ा चुनाव के लिए शुरू हुई नामांकन पत्र प्रक्रिया

# प्रथम दिन नहीं आया लोहारू, सिवानी और बवानीखेड़ा में कोई नामांकन पत्र





**भिवानी।** नामांकन करने वाले स्टाफ से बातचीत करते अधिकारी और नामांकन के लिए लोहारू नपा कार्यालय में तैनात स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

- सिवानी नगरपालिका के 16 वार्डों में 15355 मतदाता अपने मन पसंदीदा प्रत्याशी 2 मार्च को चुनेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा/लोहारू/सिवानी

नगर पालिका बवानी खेड़ा के रिटर्निंग अधिकारी कम उपमंडल अधिकारी (नागरिक) भिवानी महेश कुमार ने बताया कि मंगलवार को प्रथम दिन कोई भी चुनाव लड़ने के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने नहीं आया। रिटर्निंग अधिकारी ने कहा कि हरियाणा निर्वाचन आयोग द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार नगर पालिका बवानीखेड़ा चुनाव के लिए 11 फरवारी से नामांकन पत्र प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

17 फरवरी तक चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं। रिटर्निंग अधिकारी कम एसडीएम महेश कुमार ने कहा कि प्रदेश चुनाव आयोग द्वारा नगर पालिका बवानीखेड़ा के अध्यक्ष तथा सभी 16 वार्डों के पालिका पार्षद के चुनाव के लिए अधिसूचना जारी की गई है। इनके चुनाव के लिए मतदान 02 मार्च को होंगे। उन्होने बताया कि चुनाव के लिए नामांकन पत्र तहसील कार्यालय बवानी खेड़ा में लिए जा रहे हैं। एसडीएम ने बताया कि 18 फरवरी नामांकन पत्रों की छंटनी होगी। वहीं 19 को तक नाम वापिस लिए जा सकते हैं। 19 को दोपहर बाद चुनाव चिन्ह अलॉट किए जाएंगे। उसी दिन चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी जाएगी। 02 मार्च को नगर पालिका चुनाव के लिए मतदान होगा और किसी वार्ड में पुनर्मतदान करवाने की स्थिति में 04 मार्च को करवाया जाएगा। मतगणना 12 मार्च को होगी। मतगणना के तुरंत बाद परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे।

### 30 ने नामांकन पत्र लिए

नगर पालिका के चुनावों को लेकर 11 फरवारी से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई। पहले दिन चुनाव लड़ने वाले करीब 30 लोगों ने केवल नामांकन पत्र लिए। नामांकन प्रक्रिया के पहले दिन किसी ने नामांकन जमा नहीं करवाया। एसडीएम वीरेंद्र सिंह ने बताया कि सिवानी नगर पालिका के 16 वार्डों में 15355 मतदाता अपने मन पसंदीदा प्रत्याशी 2 मार्च को चुनेंगे। इस बार चेयरमैन पद के लिए भी सीधा चुनाव होगा।

रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम वीरेंद्र सिंह ने बताया कि नगर पालिका में चेयरमैन पद के लिए सामान्य वर्ग के प्रत्याशी के लिए 2 हजार रुपये, अनुसूचित जाति, बीसी-ए, बीसी-बी और महिला के लिए एक हजार रुपये की जमानत राशि तय की गई है। नगरपालिका सिवानी चैयरमैन पद महिला वर्ग के लिए आरक्षित है। नगर पालिका में पार्षद पद के लिए सामान्य वर्ग के प्रत्याशी के लिए एक हजार रुपये, अनुसूचित जाति, बीसी-ए, बीसी-बी और महिला के लिए 500 रुपये की जमानत राशि तय की गई है। नगर पालिका चेयरमैन पद के चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों की खर्च सीमा 12 लाख 50 हजार रुपये, पार्षद पद के लिए 3 लाख रुपये तय की गई है। प्रत्याशियों को चुनाव खर्च का ब्यौरा देना होगा। रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम ने बताया कि नगरपालिका चुनाव के लिए सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई हैं।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर नगरपालिका सचिव सुनील कुमार, ग्राम सचिव रणधीर सिंह, प्राचार्य राजबीर सिवाच, प्राचार्य सुशील कुमार, मास्टर सतबीर सोनी, प्राचार्य आजाद सिंह आदि चुनाव कर्मी उपस्थित रहे।

### फार्म में सभी कॉलम भरे हों : एसडीएम

लोहारू नपा के निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम मनोज दलाल ने कहा कि नपा चुनाव के लिए मंगलवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। नामांकन प्रक्रिया में अधिकारी जल्दबाजी न करें, गहनता से सभी फार्मो की जांच करे। नामांकन फार्म में सभी कलम भरे हुए होने चाहिए। लोहारू नपा चुनाव के लिए मंगलवार को प्रथम दिन एक भी नामांकन पत्र नहीं आया। एसडीएम मनोज दलाल मंगलवार को नामांकन प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों की बैठक के पश्चात नामांकन ले रहे थे। निर्वाचन अधिकारी मनोज दलाल ने बताया कि लोहारू नपा के लिए नामांकन लघु सचिवालय परिसर लोहारू स्थित एसडीएम कोर्ट रूम में लिए जा रहे हैं। रिटर्निंग अधिकारी ने कहा है कि राज्य चुनाव आयोग द्वारा नपा लोहारू के अध्यक्ष तथा वार्ड 1 से 14 तक के सदस्यों के चुनाव के लिए मामा अंकल लिए जा रहे हैं। चुनाव 2 मार्च को होंगे। इस अवसर पर एआरओ शेखर नरवाल, नपा सचिव तेजपाल तंवर, एसईपीओ दीपक शर्मा,जयवीर गिल, कानूनगो अनिल कुमार सहित नामांकन प्रक्रिया से जुड़े अनेक अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## महंत के नाम पर पसोपेश में वोटर चेयरमैन के दावेदारों ने लिए फॉर्म

दीपक कुमार डुमड़ा ▶▶| बवानीखेड़ा

- एसडीएम आरओ, नायब तहसीलदार एआरओ किए नियुक्त
- एक श्रेणी में अनेक दावेदार खुलकर सामने आ रहे हैं

बवानी खेड़ा में नगर पालिका चुनावों को लेकर कस्बा में माहौल पूरी तरह से गर्म हो चुका है। हर भावी पार्षद, चेयरमैन दावेदार अपने अपने कागजों को पूरा करवाने में जुटे हुए हैं। हालांकि दो दिन पूर्व हुई मीटिंग के भी कोई मायने खुलकर सामने नहीं आ रहे हैं। क्योंकि किसी ने महंत के नाम पर सहमती तो किसी ने असहमती जताई। हालांकि बुद्धिजीवियों का मानना है कि महंत को यदि सर्वसम्मति से चेयरमैन चुना जाता तो बेहतर है, चुनाव लड़वाना उचित नहीं लगता। इसलिए चेयरमैनी के दावेदारों ने अपने नॉमिनेशन फार्म लेकर कार्यवाही शुरू कर दी है ताकि चुनाव लड़ा जा सके। हालांकि मतदाता पशोपश में हैं कि दर्जनों दावेदारों में किसको चुना जाए। विभाग द्वारा भिवानी एसडीएम को आरओ व नायब तहसीलदार को एआरओ नियुक्त किया हुआ है।

### ये हुआ चुनाव का शैडयूल

नगर पालिका चुनाव के लिए अधिसूचना जारी की गई है। जिसके लिए नामांकन पत्र 12 व 16 फरवरी अवकाश के दिनों को छोड़कर 11 से 17 फरवरी तक सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक दाखिल किए जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 18 फरवरी को सुबह साढ़े 11 बजे से शुरू होगी। नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि 19 फरवरी है। 19 फरवरी को तीन बजे चुनाव चिन्ह वितरित किए जाएंगे। दो मार्च को सुबह मतदान होगा। वहीं 12 मार्च को मतगणना की जाएगी। इसी को लेकर नगर पालिका प्रशासन, तहसील स्टाफ भी पूरी तैयारियों के साथ जुटा हुआ है।

**तहसील कार्यालयमें जमा होंगे नॉमिनेशन फार्म व महिला महाविद्यालय में होगी गिनती:** नगर पालिका चुनावों के नॉमिनेशन के लिए पहचान पत्र, आधार कार्ड, शिक्षा प्रमाण पत्र, रिहायशी, जाति प्रमाण पत्र, बिजली बिल, बैंकों, एमसी नो डयूज, दो फोटो, पुलिस वेरिफिकेशन की जरूरत होगी और इसके लिए तहसील कार्यालय के कमरा नंबर 7 में नॉमिनेशन जमा होगें व स्ट्रांग रूम व गिनती राजकीय महिला महाविद्यालय में होगी। जिसके लिए पूरी तैयारियां की जा रही है।

### चेयरमैन को चुनाव विस चुनाव से भारी होगा

अगर बात की जाए तो विधानसभा चुनाव में दो तीन पार्टियों के उम्मीदवारों के मध्य जंग होती है। लेकिन पहली बार हो रहे नपा प्रधान के चुनाव को लेकर मतदाताओं के लिए भी बड़ी परेशानी वाला सबब होगा। एक एक श्रेणी में अनेक दावेदार खुलकर सामने आ रहे हैं। ये बात और है कि नॉमिनेशन वापिस लेने के बाद कितने उम्मीदवार मैदान में खड़े रहेंगे। लेकिन ये बात तो तय है कि ये चुनाव विधानसभा चुनाव से भी बड़ा चुनाव होगा। अपने ही अपनों को गिराने की फिराक में रहेंगे। विजय वही होगा जिसने जनता के मध्य रहकर उनका सहयोग किया। बाकि भविष्य के गर्भ में है। निकाय चुनाव को लेकर इच्छुक उम्मीदवारों ने भाग दौड़ शुरू कर दी है। अभी से वोटरों को प्रभावित करने का शुरू हो गया।

## शिक्षा बोर्ड सचिव से मिला हसला का प्रतिनिधिमंडल

- बगैर केंद्र अधीक्षक, ऑब्जर्वर व पर्यवेक्षक के खिलाफ एफआईआर का हसला ने जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** मांगों को लेकर शिक्षा बोर्ड सचिव से मुलाकात करते हसला का प्रतिनिधि मंडल।

हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन (हसला) का प्रतिनिधिमंडल राज्य प्रधान सतपाल सिंधु के नेतृत्व में मंगलवार को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के सचिव अजय कुमार चोपड़ा से विभिन्न मांगों को लेकर मिला। जिसमें हसला ने बोर्ड से संबंधित हरियाणा के सभी प्राध्यापकों की समस्याओं के बारे में विस्तार से चर्चा की और बोर्ड प्रशासन को अवगत करवाया। हसला के राज्य प्रधान सतपाल सिंधु ने विस्तार से मांगो को बोर्ड प्रशासन के सामने बिंदुवार रखा।

बैठक के दौरान पिछले साल की वार्षिक परीक्षाओं में अध्यापकों पर दर्ज करवाई गई एफआईआर का कड़े शब्दों में विरोध दर्ज करवाया गया तथा भविष्य में उचित जांच के बाद ही कार्यवाही करने बारे सहमति बनी। परीक्षा केंद्र पर सुप्रीडेंट केवल सरकारी विद्यालयों से ही लगाने पर सहमति हुए। प्रत्येक प्रकार के मानदेय को बढ़ाने के प्रस्ताव को बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की बैठक में भेजने पर सहमति बनी। प्रैक्टिकल इंटरनल एगजामिनर मानदेय के लिए पुराने नियमों को रिव्यू किया जाएगा। वार्षिक परीक्षाओं के बीच में दो दिन तक का अवकाश होने उपरांत विद्यालय में उपस्थित दर्ज ना करवाने बारे सहमति बनी। एनरोलमेंट रिटर्न के लिए ऑनलाईन पोर्टल में सभी क्लासेज की डिटेल साथ-साथ भरने की सुविधा दी जाएगी। जेईई एग्जाम के कारण सैलेबस सीबीएसई में आवश्यक बदलाव किया जाएगा। पंजाबी विषय का सिलेबस सीबीएसई बोर्ड अनुसार करने बारे मामला विचाराधीन है। मुख्य रूप से केंद्र अधीक्षक की ड्यूटी सब डिवीजन और पर्यवेक्षक अमले की ड्यूटी खंड के अंदर लगाने की बात कही। आदि मुद्दों पर सहमति बनी।बोर्ड सचिव ने कहा कि पर्यवेक्षण और मार्किंग ड्यूटी भत्ते में वृद्धि के बारे में अंतिम निर्णय बोर्ड आफ डायरेक्टर मंडल करेगा। हसला के राज्य प्रधान सतपाल सिंधु ने विस्तार से मांगो को बोर्ड प्रशासन के सामने बिंदुवार रखा। प्रतिनिधिमंडल ने बोर्ड प्रशासन को आश्वासन दिया कि हसला संगठन सकारात्मक कदमों पर बोर्ड प्रशासन का सहयोग करेगा।

## बाल विवाह, बाल तस्करी व बाल यौन शोषण को रोकने के लिए मिलकर करना होगा काम : मीना कुमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

- हरियाणा राज्य बाल अधिकार एवं संरक्षण आयोग की टीम ने ओपन सेल्टर होम और अस्पताल का किया निरीक्षण

हरियाणा राज्य बाल अधिकार एवं संरक्षण आयोग की टीम ने दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान आयोग के सदस्यों द्वारा पहले दिन ओपन शेल्टर होम की विजिट की गई। आयोग के सदस्यों द्वारा ओपन शेल्टर होम का निरीक्षण किया गया व बच्चों से बातचीत की गई।

कर्मचारी व अधिकारियों को आवश्यक जरूरी दिशा निर्देश दिए गए। ओपन शेल्टर होम के प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर द्वारा आयोग के सदस्यों के समक्ष समस्याओं के बारे में बताया। आयोग के सदस्यों ने आश्वासन दिया कि समस्याओं का जल्दी समाधान किया जाएगा तथा इस संदर्भ में उच्च अधिकारियों से बात करेंगे। इसके बाद आयोग के सदस्यों ने उपायुक्त कार्यालय में मीटिंग हॉल में विभिन्न स्टेक होल्डर के साथ मीटिंग का आयोजन किया गया। उन्होंने बाल अधिकारों व बाल संरक्षण विषय पर विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। आयोग सदस्य मीना कुमारी ने बताया कि बाल श्रम, बाल विवाह, बाल तस्करी व बाल यौन शोषण को रोकने के लिए सभी विभागों को एक साथ मिलकर काम करना होगा। मीटिंग में पुलिस विभाग के अधिकारी ,जिला समाज कल्याण विभाग, वन स्टॉप सेंटर ,जिला मानव तस्करी विरोधी इकाई, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय तथा मेडिकल विभाग के अधिकारी, बाल कल्याण समिति की चेयरपर्सन शिल्पा माडिया, जिला बाल संरक्षण अधिकारी नीलकमल तथा जिला बाल संरक्षण कार्यालय के अधिकारियों व कर्मचारी मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त आयोग के सदस्य द्वारा सिविल हॉस्पिटल का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने लेबर रूम की व्यवस्था देखी तथा जच्चा बच्चा की देखभाल तथा उनके खाने-पीने की व्यवस्था भी जांची।

### डिप्टी स्पीकर बोले, महान संत से वर्तमान पीढ़ी को सीखना चाहिए

# गुरु रविदास ने अध्यात्म का प्रचार व पाखंड का किया अंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

डिप्टी स्पीकर और जींद के विधायक डा कृष्ण लाल मिढ़ा मंगलवार को संत शिरोमणि गुरु रविदास के 648वें जन्मदिन के पावन पर्व की पूर्व संध्या पर जीतू वाला जोहड़ स्थित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे। इस मौके पर डा कृष्ण लाल मिढ़ा ने कहा की भारत देश अध्यात्म का देश रहा है।

यहां की धरती से बड़े बड़े महान संत हुए हैं। संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज भी उन संत में सबसे अग्रणी थे। जिन्होंने भारत में अध्यात्म को बढ़ाया वहीं पाखंड को मिटाने की नींव रखी थी।



**भिवानी।** डिप्टी स्पीकर को स्मृति चिंह देकर सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

डिप्टी स्पीकर ने कहा की आज युवाओं को संत शिरोमणि गुरु रविदास से सिखना चाहिए। वहीं उन्होंने आयोजन समिति डा अम्बेडकर युवा संघर्ष समिति जीतू वाला जोहड़ के द्वारा अभूतपूर्व स्वागत के लिए धन्यवाद किया और बधाइयां दी। डिप्टी स्पीकर ने साथ ही संस्था द्वारा शिक्षा के मिशन को आगे बढ़ाने के अभियान में अहम योगदान देने का भी भरोसा दिया और संस्था को हर सम्भव सहायता देने की बात कही। जयंती समारोह में भिवानी महेंद्रगढ़ सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह के सुपुत्र मोहित चौधरी भी अतिविशिष्ट अतिथि के तौर पर पहुंचे। चौधरी मोहित ने संस्था के द्वारा मांग पत्र की मांगों को पूरा करने का भरोसा दिलाया। वहीं उन्होंने कहा कि आज का युवा मोबाइल जैसी भयंकर बीमारी में जकड़ता जा रहा है। जबकि युवाओं को शिक्षा और आत्मचिंतन की अतिआवश्यकता है। मोहित ने कहा कि हमें अपने बड़ों और सर्व समाज के प्रबुद्ध लोगों के पास बैठकर समय व्यतीत करना चाहिए। क्योंकि बुजुर्ग हमेशा हितैषी रहे हैं। कार्यक्रम में बच्चों ने संत गुरु रविदास के जीवन पर प्रकाश डाला और मन मोहक प्रस्तुतियां दी।

इस मौके पर श्रीभगवान वसिष्ठ,रविन्द्र ठेकेदार, प्रधान संजीव रैयया, रमेश सैनी,विजय सिंहमार, राजू मेहरा,दाता राम डीएसपी, इंस्पेक्टर लज्जा राम, रमेश चन्द्र हलवासिया, वाईस चेयरमैन संदीप तंवर, पार्षद हर्षदीप डुडेजा,राजा तलवार,संजय दुआ, संजय कामरा,दर्शन लाल मिढा, प्रकाश गोठवाल आदि मौजूद रहे।

## बवानीखेड़ा से चंडीगढ़ के लिए सीधे बस सेवा शुरू, लोगों में खुशी की लहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा



मंगलवार को पिछले काफी समय से बंद बवानीखेड़ा से सीधे चंडीगढ़ के बस सेवा दोबारा शुरू हो गई । मंगलवार सुबह बवानीखेड़ा बस स्टैंड पर बस लेकर पहुंचे चालक व परिचालक का हल्का विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि के बड़े भाई मास्टर राजेश व कस्बावासियों ने फुल माला पहना कर स्वागत किया। गौरतलब है कि पिछले काफी समय से बवानीखेड़ा से चंडीगढ़ के लिए सीधे कोई बस नहीं चलने के कारण बवानीखेड़ा सहित आसपास के सैकड़ों दैनिक यात्रियों सहित आम ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था । जिसको लेकर की बार कस्बावासियों सहित आसपास के गांवों के ग्रामीण हल्का विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि से बवानीखेड़ा से सीधे चंडीगढ़ के लिए बस शुरू करवाने की मांग कर रहे थे। जिसको लेकर विधायक ने जल्द ही कस्बे से चंडीगढ़ के लिए बस शुरू करवाने का आश्वासन दिया था। कस्बे से चंडीगढ़ के लिए दोबारा सीधे बस चलने पर कस्बावासी सुभाष सैनी, नरेंद्र, अशोक,पवन, कृष्ण, विनोद, अक्षय आदि ने खुशी जताई।



# कार्तिक-करण करेंगे 'आइफा अवार्ड्स' को होस्ट...

**जयपुर।** पहली बार जयपुर में होने जा रहे आईफा अवार्डस कई मायनों में खास है। इसमें 100 से ज्यादा बॉलीवुड के सितारे जयपुर आएंगे। 25 साल पूरे कर रहे इस शो की थीम 'सिल्वर इज द न्यू गोल्ड'है। शो के दोनों दिन राजस्थानी कलाकार लोकगीत और लोकनृत्य की प्रस्तुति देंगे। इस बार राजधानी जयपुर में होने वाले आइफा अवार्डस शो पर सिंगर श्रेया घोषाल फिल्म इंड्रस्टी में 25 साल पूरे करने वाले सितारों को तो करीना कपूर शोमैन राजकपूर की 100वीं जयंती पर विशेष ट्रिब्यूट देंगी। शो के पहले दिन यानी 8 मार्च को एक्टर अपारशक्ति खुराना होस्ट करेंगे। दूसरे दिन यानी 9 मार्च को मुख्य अवार्डस कार्तिक आर्यन और करण जौहर होस्ट करेंगे।

लाइफ Style

# कियारा

## दो भाषाओं में कर रहीं 'टॉक्सिक' की शूटिंग

अभिनेत्री कियारा आडवाणी इन दिनों अपनी पहली कन्नड़ फिल्म टॉक्सिक की शूटिंग में व्यस्त हैं। फिल्म के निर्देशन की कमान राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक गीता मोहनदास के हाथों में है। यह फिल्म एक हाई-ऑक्टेन एक्शन गैंगस्टर ड्रामा है, जिसे अंग्रेजी और कन्नड़ दोनों भाषाओं में एक साथ शूट किया जा रहा है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

बीते काफी समय से कियारा का करियर कुछ खास नहीं चल रहा है। ऐसे में 'टॉक्सिक' से उन्हें काफी ज्यादा उम्मीदें हैं। इस फिल्म को लेकर वह काफी ज्यादा मेहनत भी कर रही हैं। कियारा आडवाणी इस फिल्म में दोनों भाषाओं (अंग्रेजी और कन्नड़) में अपने संवादों को प्रस्तुत करेंगी, जो उनके करियर में एक महत्वपूर्ण कदम है। फिल्म में यश मुख्य भूमिका में हैं। 'केजीएफ चैप्टर 2' के बाद यश इस फिल्म से बड़े पर्दे पर वापसी करने जा रहे हैं। यही वजह है कि इस नई जोड़ी को पर्दे पर देखने के लिए फैंस काफी ज्यादा उत्सुक नजर आ रहे हैं। 'टॉक्सिक' का निर्माण केवीएन प्रोडक्शंस और यश की मॉन्स्टर माइंड क्रिएशन्स की ओर से किया जा रहा है। यह फिल्म इस साल वैश्विक स्तर पर सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म की शूटिंग बेंगलुरु में चल रही है। निर्देशक गीता मोहनदास से दर्शक शानदार एक्शन और कहानी की उम्मीदें लगाए बैठे हैं। वर्क फ्रंट की बात करें तो हाल ही में कियारा आडवाणी को फिल्म 'गेम चेंजर' में देखा गया था। इस फिल्म में वह राम चरण के साथ दिखी थीं। बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म बुरी तरह फ्लॉप हुई थी। वहीं, उनकी आगामी फिल्म की बात करें तो वह जल्द ही 'वॉर 2' में ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर के साथ दिखेंगी।



हॉलीवुड मसाला



# 'फैंटास्टिक फोर...' 25 को होगी रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल स्टूडियो की फिल्म 'फैंटास्टिक फोरः फर्स्ट स्टेप्स' 25 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। मंगलवार को मार्वल द्वारा फिल्म 'फैंटास्टिक फोरः फर्स्ट स्टेप्स' का पहला टीजर रिलीज किया गया है, जिसके बाद इसके पोस्टर को एआई जनरेटेड कहकर लोगों ने सोशल मीडिया पर कई सवाल किए। हालांकि, इस फिल्म के निर्देशक ने तुरंत इसपर जवाब दिया कि अभिनेताओं की आवाज बदलने के लिए किसी भी एआई का इस्तेमाल नहीं किया गया है।



# बार्बी हसू ने डीजे कू से की थी दूसरी शादी...

**लॉस एंजिल्स।** बार्बी हसू ने 2011 में चीनी व्यवसायी वांग शियाओफेई से शादी की थी। 2021 में उनका तलाक हो गया, जिसमें धोखा देने के आरोप भी शामिल थे। बार्बी ने बाद में 2022 में दक्षिण कोरियाई गायक और गीतकार डीजे कू के साथ शादी कर ली। ताइवान की अभिनेत्री बार्बी हसू की 48 साल की उम्र में निमोनिया से मौत हो गई। बार्बी को टीवी सीरीज मेटियोर गार्डन (2001) में अभिनय के लिए जाना जाता था। वह मंदारिन भाषी दुनिया के सबसे बड़े नामों में से एक थीं। डीजे कू को अपना दर्द व्यक्त करने के लिए मुश्किल से शब्द मिल पाए। उन्होंने बस इतना कहा, 'मैं ठीक नहीं हूं।' जब उनसे इस अटकल के बारे में पूछा गया कि यह खबर फर्जी हो सकती है तो उन्होंने जवाब दिया, 'यह फर्जी खबर नहीं है।'



# वीडियो शेयर कर दिखाई महाकुंभ की झलक

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस ईशा कोप्पिकर ने भी बेटी और माता-पिता संग महाकुंभ पहुंचकर पवित्र स्नान किया हैं। एक्ट्रेस ने एक क्लिप शेयर कर अपनी इस यात्रा की झलक दिखाई हैं। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित हो रहे महाकुंभ मेले में बॉलीवुड सेलेब्स के पहुंचने का सिलसिला जारी हैं। अब तक कई सितारे महाकुंभ में पवित्र डुबकी लगा चुके हैं। अब इस लिस्ट में एक और अभिनेत्री का नाम जुड़ गया हैं। दरअसल, एक्ट्रेस ईशा कोप्पिकर ने भी अपने माता-पिता और बेटी रियाना के साथ महाकुंभ में पवित्र स्नान किया। रील में एक्ट्रेस अपनी बेटी के साथ पानी में डुबकी लगाती नजर आ रही हैं। एक फ्रेम में उनके माता-पिता नजर आ रहे हैं। एक तस्वीर में अभिनेत्री को प्रार्थना करते हुए दिखाया गया हैं। एक्ट्रेस ने क्लिप में महाकुंभ का भव्य नजारा भी दिखाया हैं।



# बन रही 'सनम तेरी...' की सीक्वल...!

**नई दिल्ली।** नौ साल पहले पहली बार रिलीज हुई अभिनेता हर्ष वर्धन राणे की फिल्म 'सनम तेरी कसम' ने सिनेमाघरों में दोबारा रिलीज होने पर जो कमाल किया है, उसने हिंदी सिनेमा को कहानियों की एक नई दिशा तो दिखाई ही है, इस कामयाबी ने फिल्म से जुड़े सारे कलाकारों और तकनीशियनों को भी उत्साहित कर दिया है। फिल्म की निर्देशक जोड़ी राधिका राव और विनय सप्रू तो इतने उत्साहित है कि उन्होंने फिल्म की सीक्वल के बारे में मीडिया को बताना शुरू कर दिया है। फिल्म 'सनम तेरी कसम'की निर्देशक जोड़ी राधिका राव और विनय सप्रू ने मंगलवार की सुबह ही ये कहा कि उनके पास इस फिल्म की सीक्वल की कहानी तैयार है और फिल्म के गाने वगैरह भी उनके पास रेडी हैं।

टीवी मसाला



# 'आमी डाकिनी' में तस्वीर से बाहर निकलकर डराएगी चुड़ैल

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में हॉरर फिल्में इस समय बहुत पसंद की जा रही हैं। कोई भी अगर बॉलीवुड फिल्म आ रही है तो वो पहले ही हिट साबित हो जाती हैं। भूल भुलैया 3, स्त्री 2 और मुंज्या जैसी फिल्में हिट साबित हुई थीं। इन फिल्मों को देखना पसंद करते हैं। अब फिल्मों के बाद टीवी पर भी हॉरर की वापसी हो रही हैं। टीवी पर भी हॉरर शो आने वाले हैं। नए हॉरर शो का मोशन पोस्टर सामने आया है जिसे देखकर लोग ढेर सारे कमेंट कर रहे हैं। आहट, शश्श्श्श... जैसे कई हॉरर शोज आए थे, जिन्होंने लोगों को खूब डराया हैं। अब टीवी पर चुड़ैल डराने आ रही हैं। चुड़ैल लोगों की नींद खराब करने वाली हैं। इस हॉरर शो का नाम आमी डाकिनी हैं। आमी डाकिनी शो 24 फरवरी से सोनी टीवी पर शुरू होने जा रहा हैं। ये शो सोमवार-शुक्रवार रात 10 बजे आएगा। इस हॉरर शो के कुछ सीन्स सामने आ गए हैं जिसे देखकर कुछ लोग इसका मजाक उड़ा रहे हैं कुछ को इसका बेसब्री से इंतजार हैं। आमी डाकिनी के मोशन पोस्टर में एक महिला फोटो से बाहर निकलकर चिल्लाती नजर आ रही हैं। ये शो कोलकाता के बैकग्राउंड पर आधारित हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक शो में शीन दास लीड रोल में नजर आने वाली हैं। शो में चुड़ैल अपने पति की तलाश में वापस लौट रही हैं। इस पोस्टर को देखकर लोगों को कुछ खास मजा नहीं आ रहा हैं। इस मोशन पोस्टर को देखकर लोगों को बिल्कुल भी डर नहीं लग रहा हैं।

## एकता ने संगम में लगाई डुबकी

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में पवित्र स्नान के लिए टेलीविजन और फिल्म निर्माता एकता कपूर पहुंचीं। एकता कपूर ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर इस यात्रा की कुछ झलकियां शेयर की हैं। वो अपनी यात्रा के दौरान अपने समय का भरपूर एंजॉय करती नजर आईं। एकता ने जो वीडियो शेयर किया उसमें टीवीएफ के संस्थापक अरुणभ कुमार भी नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में एकता ने संगम नदी में डुबकी लगाने के बाद की झलक शेयर की। वो बोट राइड भी एंजॉय करती नजर आईं। उन्होंने पक्षियों को दाना भी दिया। एकता ने अपने साथ के लोगों के साथ वीडियो शेयर किया। इस वीडियो के कैप्शन में उन्होंने लिखा- महाकुंभ। वो मंदिर भी गईं। उन्होंने माथे पर चंदन लगाए फोटो भी शेयर की।बता दें कि एकता कपूर इन दिनों शो नागिन 7 को लेकर चर्चा में हैं। ये शो जल्द ही शुरू होने वाला हैं। शो में लीड एक्ट्रेस कौन होगी इसे लेकर काफी कयास लगाए जा रहे हैं। दूसरी तरफ, एकता कपूर के प्रोडक्शन वेंचर, 'द साबरमती रिपोर्ट' को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई प्रमुख नेताओं से प्रशंसा मिली थी।



# 'परम सुंदरी' के सेट से सिद्धार्थ-जान्हवी की तस्वीरें वायरल

**मुंबई।** अभिनेत्री जान्हवी कपूर और सिद्धार्थ मल्होत्रा इन दिनों केरल में अपनी आगामी फिल्म 'परम सुंदरी' की शूटिंग में व्यस्त हैं। पिछले कुछ दिनों से फिल्म के सेट से दोनों की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। हाल ही में सोशल मीडिया पर सामने आई तस्वीरों में सिद्धार्थ मल्होत्रा और जान्हवी कपूर केरल के अथिरापल्ली झरने में नाव की सवारी करते नजर आए। इस दौरान जान्हवी ऑफ-व्हाइट साड़ी में बेहद खूबसूरत लग रही हैं, जबकि सिद्धार्थ ने नीली शर्ट और ग्रे पैंट पहनी हुई है। वहीं, कुछ अन्य तस्वीरों में सिद्धार्थ सेट पर प्रशंसकों के साथ पोज देते हुए दिखाई दे रहे हैं। एक तस्वीर में जान्हवी नाव पर बैठी हुई और हाथ में छाता पकड़े हुए दिखाई दे रही हैं। दिसंबर 2024 में मैडॉक फिल्म्स ने घोषणा की थी कि जान्हवी और सिद्धार्थ रोमांटिक-कॉमेडी के लिए साथ आए हैं। यह फिल्म उत्तर भारत के एक लड़के और दक्षिण भारत की एक लड़की के बीच की प्रेम कहानी पर आधारित है। फिल्म के निर्माताओं ने पिछले साल इसके रिलीज की भी घोषणा कर दी थी। उन्होंने लिखा था, 'उत्तर का स्वैग, दक्षिण की शान दो दुनियाएं आपस में टकराती हैं और चिंगारी उड़ती है।



# लता मंगेशकर और आशा भोसले क्यों पहनती थीं सफेद साड़ी? बाहर निकलते ही बदल जाता था रवैया...

**नई दिल्ली।** भारतीय म्यूजिक इंडस्ट्री में लता मंगेशकर और आशा भोसले दो ऐसे नाम हैं जिन्होंने बॉलीवुड को बहुत कुछ दिया। दोनों बहनें प्रोफेशनल फ्रंट पर जितनी समर्पित और सक्रिय थीं, उतना ही उनका आपसी रिश्ता मजबूत था।

आशा भोसले ने एक हालिया पॉडकास्ट में बताया कि ऐसा क्यों था कि दोनों बहनें (आशा और लता) ज्यादातर सिर्फ सफेद साड़ी पहना करती थीं? ऐसा नहीं था कि आशा भोसले और लता मंगेशकर ने अपने आउटफिट को लेकर दूसरे कलर्स ट्राय नहीं किए थे, लेकिन खासतौर पर सफेद पहनने के पीछे एक वजह थी जो उन्होंने अमृता राव और आरजे अनमोल के साथ बातचीत के दौरान बताई।

***कलर कॉम्पलेक्शन के हिसाब से ज्यादा सूट करता है सफेद :*** आशा भोसले ने 'कपल ऑफ थिंग्स' नाम के पॉडकास्ट में बताया, 'दीदी (लता मंगेशकर) और मैं हमेशा सफेद साड़ी पहना करते थे। हमें लगा कि हमारे कलर कॉम्पलेक्शन के हिसाब से सफेद ज्यादा सूट करता है। अगर हम कोई दूसरा रंग पहनते तो हम ज्यादा डार्क नजर आते। बाद में मैंने पिंक साड़ी पहनना शुरू किया था और दीदी मुझे तिरछी नजर से देखा करती थीं। लेकिन, फिर मैंने धीरे-धीरे पिंक के साथ दूसरे कलर्स जोड़ना शुरू कर दिया।' आशा भोसले ने बताया कि जब भी लता उनसे पब्लिक में मिलतीं तो बहुत फॉर्मल अप्रोच कायम करती थीं।

***घर में अलग और बाहर अलग होता था रवैया :*** जबकि घर में दोनों की बातचीत बहुत सामान्य और सहज होती थी। आशा भोसले ने बताया, 'दीदी घर पर बहुत नॉर्मल होती थीं। वह बाहर मुझसे बहुत शालीनता और औपचारिक लहजे में बात करती थीं, लेकिन घर पर हमारा एक अलग कनेक्शन था। हम मराठी में बात करते थे और हमारी बातचीत बहुत आम होती थी। लेकिन, जैसे ही वह घर से बाहर निकलती थीं, वो 'लता मंगेशकर' बन जाती थीं। एक लीजेंड, एक आइकॉन और हमारे आपसी समीकरणों में अचानक एक बदलाव आ जाता था।' आशा ने बताया कि गायकी को लेकर दोनों के बीच किसी तरह का रिश्ता नहीं हुआ करता था।



### गायकी के मामले में नहीं होता था कोई रिश्ता

आशा भोसले ने बताया, 'बात जब गायकी की आती थी तो हमारे बीच कोई रिश्ता नहीं था। बाहर की दुनिया में वह लता मंगेशकर हुआ करती थीं, दुनिया में उनका अपना एक स्टेटस था। घर पर हम बातें करते, लेकिन बाहर कोई अनौपचारिक बातचीत नहीं होती थी। वह अपना वो औरा कायम रखती थीं, लता मंगेशकर के तौर पर उनकी मौजूदगी, उनका स्टेटस बनाए रखती थीं।' मालूम हो कि लता मंगेशकर की आवाज ने बॉलीवुड को एक अलग ही मुकाम पर पहुंचा दिया था। साल 2022 में लता मंगेशकर ने 92 साल की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया।

## समय-समय पर ऐसे रोमांटिक सीरियल्स आए हैं, जिनके दर्शक हो गए दीवाने

# प्यार के रंग में रंगे टीवी के ये हिट सीरियल्स, वैलेंटाइन वीक पर एक बार फिर देखिए

*नई दिल्ली। बॉलीवुड ही बेहतरीन रोमांटिक फिल्में नहीं बनाता है, टीवी पर भी समय-समय पर ऐसे रोमांटिक सीरियल्स आए हैं, जिनके दर्शक दीवाने हो गए। आज भी इन टीवी सीरियल्स की फैन फॉलोइंग हैं। वैलेंटाइन वीक पर हम आपको ऐसे ही कुछ रोमांटिक हिट टीवी सीरियल्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें आप अपने लव या लाइफ पार्टनर के साथ देख सकते हैं।*




### कितनी मोहब्बत है

कृतिका कामरा और करण कुंद्रा स्टारर टीवी सीरियल 'कितनी मोहब्बत है' के दो सीजन आए थे। पहले सीजन में कहानी कुछ ऐसी थी कि अर्जुन (करण कुंद्रा) और आरोही (कृतिका कामरा) एक-दूसरे को प्यार करते हैं लेकिन कुछ गलतफहमियों के कारण इनके रिश्ते में दूरी आ जाती है, ये जुदा हो जाते हैं। अर्जुन को जब सच्चाई का पता चलता है तो वह चुपचाप आरोही के सपनों को पूरा करने की कोशिश करता है। इसी तरह कई उतार-चढ़ावों को पार कर आखिर में अर्जुन और आरोही मिल जाते हैं, इनकी मोहब्बत सफल हो जाती है। 2009 में आए इस सीरियल की एक अलग ही फैन फॉलोइंग बन गई थी, जो आज भी बरकरार है।

### इस प्यार को क्या नाम दूं

2011 में एक टीवी सीरियल 'इस प्यार को क्या नाम दूं' दर्शकों के बीच काफी हिट हुआ। इसमें अर्णव रायजादा का किरदार एक्टर वरुण सोबती ने निभाया था। वहीं खुशी कुमारी का किरदार सनाया ईरानी ने निभाया। यह प्रेम कहानी एक छोटे शहर की लड़की खुशी और एक सख्त मिजाज बिजनेसमैन अर्णव के बीच की थी। कॉमेडी के रंग में रंगी यह प्रेम कहानी दर्शकों को काफी अच्छी लगी थी।



### मधुबाला

साल 2012 में विवियन डिसेना एक रोमांटिक सीरियल 'मधुबाला' में भी नजर आए। इसमें विवियन ने एक सुपरस्टार आरके का रोल निभाया था, जिसे एक साधारण लड़की से प्यार हो जाता है। लेकिन इनके रिश्ते में कई बार उतार-चढ़ाव आते हैं। इस सीरियल के बाद से ही विवियन डिसेना टीवी पर काफी पॉपुलर हो गए थे। हाल ही में वह रियालिटी शो 'बिग बॉस 18' में भी नजर आए।





### प्यार की ये एक कहानी

एक वैंपायर और एक आम लड़की की कहानी को सीरियल 'प्यार की ये एक कहानी (2010)' में दिखाया गया। इसमें वैंपायर के रोल में विवियन डिसेना नजर आए थे। यह सीरियल फिल्म 'ट्वाइलाइट' से इंस्पायर था। सीरियल में आम लड़की के रोल में सुकीर्ति कांडपाल नजर आई थीं।



### दिल मिल गए

टीवी पर साल 2007 में 'दिल मिल गए' सीरियल आया, यह सीरियल 'संजीवनी' का ही आगे का पार्ट था। इस सीरियल में करण सिंह ग्रोवर लीड में थे। फीमेल लीड दो-तीन बार बदलीं। इस सीरियल के भी कई सीजन आए। मेडिकल ड्रामा के अलावा इस सीरियल की प्रेम कहानी यंग ऑडियंस को काफी पसंद आई।

**खबर संक्षेप**

### लोगों की शिकायतों का शीघ्र करें निपटारा

**चरखी दादरी।** समाधान शिविर में आने वाली प्रत्येक शिकायत का गंभीरता से यथाशीघ्र निपटारा करें। समाधान शिविर में आने वाले नागरिकों को विभागों की कल्याणकारी योजनाओं का पात्रता अनुसार लाभ दिया जाए। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशों के अनुसार जिला में प्रत्येक कार्य दिवस पर सुबह 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को एसडीएम आशीष सांगवान और सीटीएम जितेंद्र ने लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित शिकायतों की सुनवाई की और कहा कि सभी अधिकारी शिविर में प्राप्त होने वाली हर शिकायत का नियमानुसार निदान यह सुनिश्चित करें। आने वाले लोगों को विभाग से संबंधित योजनाओं के बारे में जागरूक करें।

### सीएम विंडो से संबंधित शिकायतें समय पर निबटाएं अधिकारी

**चरखी दादरी।** सीएम विंडो मुख्यमंत्री की महत्वकांशी योजना है। सभी अधिकारी सीएम विंडो से संबंधित शिकायतों को गंभीरता से लें और इनका समयबद्घ निपटान सुनिश्चित करें। प्रत्येक शिकायत को 24 घंटे के अंदर अंडरटेक किया जाए। उपायुक्त मुनीश शर्मा ने जिला के सभी विभागों के अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी हर रोज अपना पोर्टल चैक करें और समय पर एक्शन टेकन रिपोर्ट अपलोड करें। किसी भी हाल में आने वाली प्रत्येक शिकायत को 24 घंटे के अंदर अंडरटेक किया जाए। देखने में आया है कि सीएम विंडो, जन संवाद, सीपी ग्राम व एसएमजीटी से संबंधित शिकायतें विभिन्न कार्यालयों में लंबित पड़े रहते हैं।

### संत शिरोमणि रविदास का प्रकटोत्सवम मनाया

**चरखी दादरी।** कस्बा बौंद कलां स्थित आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को विद्यायल निदेशक प्रताप सिंह यादव के नेतृत्व में संत शिरोमणि रविदास का 648 वां प्रकटोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय निदेशक, प्रधानाचार्य व एनसीसी इंचार्ज कंवर सिंह यादव एवं विद्यार्थियों द्वारा संत रविदास की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। विद्यार्थियों ने गुरु रविदास के जीवन से संबंधित चार्ट तथा आर्टिकल तैयार किए। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने उनकी जीवनी पर प्रस्तुति दी, उनके द्वारा लिखित रचनाओं, दोहों का शानदार व्याख्यान किया। विद्यालय निदेशक प्रताप सिंह यादव ने संत रविदास के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भारत में ऐसे कई महान संतों ने जन्म लिया है।

## आध्यात्मिकता व मेडिटेशन नशे छोड़ने की रामबाण औषधि: नीलम

# नशे की लत का कारण व्यक्ति, परिस्थिति प्रकृति नहीं, बल्कि कमजोर मन है : वसुधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। नशे के प्रति जागरूकता शोभायात्रा निकालते ब्रह्माकुमारी भाई बहन। फोटो : हरिभूमि

नशे की लत कारण व्यक्ति, परिस्थिति, प्रकृति नहीं, बल्कि ये कमजोर मन की निशानी है, ये उद्गार प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की कादमा-झोझूकलां शाखा के तत्वावधान में आयोजित मेरा गांव नशा मुक्त गांव अभियान के अंतर्गत कुब्जा नगर में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्रीय प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी वसुधा बहन ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि ऐसे मनुष्य अपने शरीर को शक्तिशाली बनाने के लिए भोजन का और सुख सुविधाओं का ध्यान रखता है, ठीक उसी प्रकार नशा मुक्त जीवन बनाने के लिए व्यक्ति को अपने मन और बुद्धि को शक्तिशाली बनाने के लिए सकारात्मक चिंतन और परमात्मा की याद का भोजन देना होगा।

इस मौके पर विभिन्न प्रकार के नशों से होने वाले नुकसान व आध्यात्मिकता से समाधान को प्रदर्शित करता हुए नाटक व परमात्मा शिव की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। झोझूकलां सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी ज्योति बहन ने कहा कि नशा हमें मानसिक रूप से अपंग बनाता है, हमेशा मन में नकारात्मक ऊर्जा का संचार भी करता है। उन्होंने कहा 3 इंच की बीड़ी 6 फुट के इंसान को गुलाम बना के रखती हैं जो हमारे शरीर रूपी मंदिर को दूषित कर अनेक बीमारियों को जन्म देता है। ब्रह्माकुमारी ज्योति ने कहा कि हम वास्तव में नशा छोड़ने चाहते हैं तो खुद को आंतरिक रूप से मजबूत बनाना होगा शक्तिशाली मन का निर्माण करना होगा और यह मेडिटेशन राजयोग के नियमित अभ्यास से संभव है। ब्रह्माकुमारी नीलम बहन ने नशा मुक्त रहने की शपथ दिलाते हुए कहा कि हम अगर समाज का उत्थान चाहते हैं तो ड्रग्स फ्री व नशा मुक्त सात्विक जीवन शैली को अपनाना होगा। अभियान के दौरान व्यसन मुक्ति दान पात्र में अनेकों लोगों ने बीडी सिगरेट शराब व अन्य व्यसन छोड़ने का संकल्प पत्र की पर्ची दान पत्र में डाली। सरपंच कमलसिंह ने अभियान का स्वागत करते हुए कहा कि ब्रह्माकुमारीज संस्थान द्वारा आयोजित नशा मुक्ति अभियान से समाज में सकारात्मक परिवर्तन आएगा। रोहताश सांगवान ने अपना अनुभव व्यक्त करते हुए कहा कि आध्यात्मिकता व मेडिटेशन नशे छोड़ने की रामबाण औषधि है।



भिवानी। भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु।

# श्रद्धालुओं ने भंडारे में ग्रहण किया प्रसाद

- मित्ताथल में बाबा खुबीनाथ धाम में भंडारे का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

गांव मित्ताथल के बाबा खुबीनाथ धाम में माघ माह की पावन चतुर्दशी पर हर वर्ष की भांति विशाल भंडारे, हवन-यज्ञ व मेले का आयोजन किया। भंडारे का शुभारंभ बाबा खुबीनाथ धाम के महंत भगवान गिरी बाबा खुबीनाथ महाराज व बाबा चमन गिरी महाराज की प्रतिमा के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलित कर व पूजा अर्चना करके करेंगे। पूजा अर्चना के बाद हवन-यज्ञ के साथ किया। भंडारे में समस्त ग्रामीण व बाहर से बाबा के भक्तजन प्रसाद ग्रहण कर उनका आशीर्वाद लिया। महंत भगवान गिरी ने बताया कि भंडारे में गाय के देशी घी व गंगाजल से प्रसाद तैयार किया गया है। चतुर्दशी के दिन बाबा खुबीनाथ सेवा समिति व बाबा के भक्तों द्वारा सुबह पूरे गांव में शंखनाद व घड़ियाल के साथ धूप की कार लगाई तथा बाबा से गांव में सुख-समृद्धि व शांति की प्रार्थना की। उन्होंने बताया कि भंडारे में समस्त ग्रामीणों का विशेष योगदान रहा। भंडारे में भजन गायकों, संतों ने मधुर भजनों से बाबा की महिमा का गुणगान किया। मेले में ग्रामीण बच्चों व महिलाओं ने खुब खरीदारी की तथा बच्चों ने झूलों का भरपूर लुफ्त उठाया। महंत ने बताया कि जो भक्त सच्चे मन से बाबा की अराधना करता है उसकी हर मनोकामनाएं पूर्ण होती है।

# सरकार के नील गाय को मारने के फैसले का गौ किसान समृद्धि ट्रस्ट ने जताया विरोध

- सरकार के नील गाय को मारने के फैसले ने पशु प्रेमियों की भावनाओं को किया आहत : महेंद्र
- नील गाय मारने की अनुमति की आड़ में दूसरे वन्य प्राणियों की होगी हत्या : खरेटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हरियाणा सरकार द्वारा वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम में संशोधन करते हुए नील गाय को मारने की अनुमति देने का फैसले का गौ किसान समृद्धि ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं श्रीमदभगवद् गीता पढ़ो-पढ़ाओ अभियान के संचालक महेंद्र सिंह गोदारा ने विरोध जताया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा मंत्रीमंडल के नील गाय को मारने का फैसला आने के बाद मांसाहारियों ने नील गाय को सरेआम मारकर खाना शुरू कर दिया है, जिसके चलते पशु प्रेमियों में भारी रोष बना हुआ है।

उन्होंने कहा कि सरकार के इस फैसले ने पशु प्रेमियों की भावनाओं को आहत करने का काम किया है, ऐसे में सरकार को चाहिए कि वह जल्द से जल्द अपने इस फैसले को वापस लें। गोदारा ने कहा कि धरती पर अकेला मानव ही नहीं, सभी जीवों का जीने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि गौवंश व हिरण द्वारा फसलों में नुकसान पहुंचाने की बात कहकर क्या उन्हे भी मारने का कानून पास कर दिया जाएगा। गोदारा ने कहा कि सरकार का यह फैसला पूरी तरह से वन्य प्राणियों व जीव रक्षा प्रेमियों की भावनाओं के खिलाफ है।

ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष युद्धवीर मंगल सिंह खरेटा ने कहा कि सरकार को यह फैसला तुरंत वापिस लेना चाहिए, क्योंकि नील गाय मारने की अनुमति की आड़ में शिकारी लोग दूसरे वन्य प्राणियों की भी हत्या करने से गुरेज नहीं करेंगे। ऐसे में इस फैसले को अविलंब वापस लिया जाए, नहीं तो इसके खिलाफ आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर मां सेवा समिति के सोरभ इंदोरा, लक्ष्मी ग्रुप के रोशन इंदोरा, ईश्वर सिंह, सुखबीर सिहाग, दयानंद भाकर व डॉ. विकास आदि मौजूद रहे।



भिवानी। विद्यार्थियों को संबोधित जिला विस्तार विशेषज्ञ वानिकी डॉ. करिश्मा नंदा।

### फसल अवशेष प्रबंधन पर कार्यशाला का आयोजन

**भिवानी।** कृषि विज्ञान केंद्र भिवानी द्वारा चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय में फसल अवशेष प्रबंधन पर कार्यशाला आयोजित चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय में फसल अवशेष प्रबंधन पर कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया, जिसका उद्देश्य छात्रों को टिकाऊ कृषि प्रथाओं और फसल अवशेष जलाने के हानिकारक प्रभावों के बारे में शिक्षित करना था।

कार्यक्रम में 150 से अधिक छात्रो ने भाग लिया। सत्र का नेतृत्व जिला विस्तार विशेषज्ञ वानिकी डॉ. करिश्मा नंदा ने किया तथा फसल अवशेषों को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने के लिए नवीन समाधानों पर मूल्यवान अंत दृष्टि सांझा की, जैसे पैकिंग सामग्री, पशुचारा, साइलेज, जैव ईंधन, बायो चार ब्रिकेट जैविक खाद और मशरूम उगाने के लिए धान की भूसी आदि कार्यक्रम में छात्रों और संकाय सदस्यों दीपक कुमारी तथा मनीषा की सक्रिय भागीदारी देखी गई। अवशेष प्रबंधन के लिए सरकारी पहल और सब्सिडी के महत्व पर भी प्रकाश डाला। डॉ. करिश्मा नंदा ने वायु प्रदूषण को रोकने और मिट्टी के स्वास्थ्य को बढ़ाने के लिए फसल अवशेषों के निपटान के लिए वैज्ञानिक और पर्यावरण अनुकूल दृष्टिकोण की आवश्यकता पर जोर दिया।

**न्यूज डायरी**

### योग आयोग के पूर्व रजिस्ट्रार डॉ. हरिशचंद्र ने बताए योग के चमत्कारी गुण



**भिवानी।** हरियाणा योग आयोग की ओर से हर घर परिवार सूर्य नमस्कार अभियान के अंतर्गत मंगलवार को कायाकल्प योग सेंटर भिवानी में सूर्य नमस्कार का कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें योग आयोग के पूर्व रजिस्ट्रार डॉ. हरीशचंद्र ने उपस्थित बच्चों और महिलाओं को योग के चमत्कारी गुणों के बारे में बताया व सूर्य नमस्कार के लाभों से अवगत करवाया। इस मौके पर आयुष योग सहायक कविता व कायाकल्प योग केंद्र की संचालिका रेनू वर्मा ने सभी को सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया। योग आयोग के पूर्व रजिस्ट्रार डॉ. हरिशचंद्र ने कहा कि योग हमारे नित जीवन में अहम योगदान दे सकता है, इसलिए निरोगी रहने के लिए योग जरूरी है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने लोगों को योग से जोड़ने के मकसद से ही हर घर परिवार सूर्य नमस्कार का अभियान चलाया हुआ है। इस मौके पर योगा केंद्र के बच्चों और महिलाओं ने हिस्सा लेकर इसका लाभ उठाया।

### समय पर बिल नहीं भरने वालों के खिलाफ सख्ती से निपटा जाएगाः नरेश कुमार



**भिवानी।** खरककलां सब ऑफिस में बिजली निगम ने बिल रिकवरी अभियान चलाया है। अभियान के तहत बिल नहीं भरने वालों के कनेक्शन काटे जाएंगे। खरककलां सब ऑफिस इंचार्ज नरेश कुमार ने बताया कि समय पर बिल नहीं भरने वालों के खिलाफ सख्ती से निपटा जाएगा, इसलिए उपभोक्ता समय पर बिजली बिल का भुगतान करें, ताकि उनकी बिजली सप्लाई में कोई व्यवधान न हो। उन्होंने कहा कि अगर समय पर बिजली बिल का भुगतान नहीं किया तो न केवल उनका मीटर उतारा जाएगा, बल्कि कार्रवाई भी की जाएगी। सब ऑफिस इंचार्ज नरेश कुमार ने बताया कि सब ऑफिस के अंतर्गत आने वाले गांव खरककलां, खरकखुर्द, कलिंगा, खेरड़ी, सैमपल व बसाना के ग्रामीण योजना का लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा अंत्योदय स्कीम चलाई गई है। फैमिली आईडी में आय एक लाख रुपये से कम हो, सालाना रीडिंग 1800 से कम हो व छह जून 2023 से पहले का डिफॉल्ट हो चुका उपभोक्ता स्कीम में आ सकता है। स्कीम का फायदा लेने के लिए कार्यालय में आकर संपर्क कर सकता है।

### मोर्चा ने पंडित दिनदयाल उपाध्य की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का किया आयोजन

**बाढ़ड़ा।** बाढ़ड़ा में भाजपा किसान मोर्चा द्वारा पंडित दिनदयाल उपाध्य की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। भाजपा के वरिष्ठ नेता मास्टर चंद्रपाल सांगवान की अगुवाई में भाजपा पदाधिकारियों ने पंडित दिनदयाल उपाध्य के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। भाजपा किसान मोर्चा बाढ़ड़ा मंडल के मीडिया प्रभारी रामपाल जांगड़ा ने मंगलवार को जानकारी देते हुए बताया कि भाजपा किसान मोर्चा द्वारा बाढड़ा में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमें किसान मोर्चा जिला कार्यकारिणी के सदस्य भी शामिल हुए। इस दौरान पंडित दीनदयाल उपाध्य द्वारा भाजपा के लिए किए गए कार्यों को याद करते हुए कहा कि पंडित दिनदयाल उपाध्य ने पार्टी के लिए समर्पित होकर काम किया। इस दौरान उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस दौरान किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष कृष्ण पहलवान, मास्टर चंद्रपाल सांगवान,बाढ़ड़ा मंडल भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष कुलदीप बाढ़ड़ा, महामंत्री जय भगवान, महामंत्री विजय कुमार, राजकुमार सैन लाड, हवा सिंह काकडोली, कोषाध्यक्ष नवीन, राजकुमार सिरसली, युवा मंडल अध्यक्ष योगेश मलिक, अशोक शर्मा, मोहनलाल सैनी, जगदीश पुनिया, महिपाल जांगड़ा, प्रताप शर्मा, ऋषि भांडवा, मीडिया प्रभारी रामपाल कारी, सपना सैन ललित शर्मा दीदार जितपुरा, आनंद लाड़ावास ,डा. सूरजभान शर्मा आदि मौजूद थे।

# धूमधाम से मनाई गई 201 वीं महर्षि दयानंद सरस्वती व संत रविदास जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



हलवासिया विद्या विहार के वरिष्ठ एवं माध्यमिक विभाग में स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती बहुत ही धूमधाम से मनाई गई। सरस्वती वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में अतिथि के रुप में प्रचारक राम मेहर लोहान ने शिरकत की। विद्यालय में प्रशासन द्वारा मुख्य अतिथि को ओम पट्टिका पहनाकर उनका स्वागत-सत्कार किया गया। तत्पश्चात कक्षा छठी से आर्यन ने स्वामी दयानंद सरस्वती के जीवन से परिचित कराया व कक्षा आठवीं से आकांक्षा और नंदिनी ने सुंदर कविता की प्रस्तुति दी। सामाजिक विज्ञान की आचार्या सुमन रानी ने स्वामी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वे भारत के एक महान समाज सुधारक, राष्ट्रीय उत्थान में योगदान देने वाले व आर्य संस्कृति के संवाहक हैं। उनका जन्म 12 फरवरी 1824 को गुजरात के

### लोहारूः गांव समसावास में बाबा साध वाले का नौवां वार्षिकोत्सव आयोजित



**लोहारू।** उपमंडल के गांव समसाबास में बाबा साध वाले धाम पर बाबा साध कमेटी द्वारा नौवें वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें गायक कलाकारों ने भजनों से कार्यक्रम का समा बांधा वहीं इससे पहले महिलाओं गांव में शोभा कलश यात्रा निकाली। कार्यक्रम में पहुंचे कांग्रेस विधायक राजबीर फरटिया ने कमेटी को 51 हजार रुपये का अनुदान दिया और कहा कि गांवों में इस प्रकार के धार्मिक आयोजन किशोरों और युवाओं में संस्कारों का संचार करते हैं। युवाओं को ऐसे कार्यक्रम में अपनी भागीदार अवश्यक सुनिश्चित करनी चाहिए। कार्यक्रम में बाबा चंद्राई नाथ मंदिर पथरवा के संत योगी वचनाई नाथ जिला पार्षद, सुल्तान नाथ मंदिर के बाबा सेवानाथ सहित अनेक साधु संत एवं समसावास के सरपंच उमेद सिंह निमीवाल, सरपंच दिनेश कुमार ढाणी कुम्हारान, ग्राम पंचायत श्यामपुरा के सरपंच ने शिकरत की और आयोजन की सराहना की।

# वाहन चालकों को मिलेगा हिचकोलों से छुटकारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

दो-तीन दिन पहले विधायक घनश्याम सर्राफ व नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने सेक्टर व आसपास के इलाकों में करीब सवा दस करोड़ रुपये की लागत से विकास कार्यो की शुरुआत की थी। उसी क्रम में मंगलवार को सेक्टर की सड़कों को तोड़ने व उनके निर्माण कार्य शुरु हुआ। सड़कों का निर्माण शुरू होते ही इलाके के लोग मौके पर पहुंचे और उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। इस दौरान वार्ड संख्या दो के पार्षद संदीप यादव तथा पार्षद सुभाष तंवर भी पहुंचे और उन्होंने क्षेत्र में चल रहे विकास कार्य देखे। पूरे दिन लोगों का सड़क के निर्माण कार्य शुरू होने के लेकर तांता लगा रहा। लोगों ने बताया कि अनेक दिनों से क्षेत्र में विकास कार्य नहीं हो पाए। जिस वजह से सड़क व गलियों जर्जर हो चुकी।

**गुणवता से कोई समझौता नहींः संदीप यादव**

पार्षदों ने ठेकेदार से कहा कि विकास कार्यो में किसी तरह से गुणवता के साथ कोई समझौता नहीं होगा। निर्धारित मापदंडों के आधार पर ही सड़क व गलियों का निर्माण कार्य किया जाए। अगर कहीं पर भी कोई गड़बड़ी हुई तो वे जिला प्रशासन के दरबार में पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि पिछले अनेक दिनों से सेक्टर में बारिश के पानी की निकासी की समस्या थी। अब वहां पर पाइप लाइन डाली जाने लगी है।पाइप लाइन डलने के बाद हलकी सी भी बारिश में इलाके में पानी जमा नहीं हो पाएगा। तत्काल पानी की निकासी हो जाएगी।

### एससी-एसटी का स्नातक संकायों में निशुल्क दाखिला समाज के हर वर्ग तक उच्च शिक्षा पहुंचा रहा इग्नू

**चरखी दादरी।** बारहवीं पास एससी-एसटी विद्यार्थी इग्नू के तीन ग्रेजुएशन पाठ्यक्रमों बीएएम, बीएससीएम और बीकॉमएफ कोर्स में निशुल्क दाखिला ले सकते हैं। निशुल्क दाखिले के लिए विद्यार्थी के माता पिता की वार्षिक आय ढाई लाख रुपये सालाना से अधिक नहीं होनी चाहिए। उन्हें सिर्फ 300 रुपये रजिस्ट्रेशन फीस और 200 रूपये डेवलपमेंट फीस देनी होगी। इग्नू में दाखिला इग्नू की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर करवा सकते हैं। इग्नू क्षेत्रीय केंद्र करनाल के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्म पाल ने जानकारी देते हुए बताया कि यदि कोई विद्यार्थी नौकरी करते हुए या अपना काम करते हुए उच्च शिक्षा हासिल करना चाहता है तो इग्नू की दूरस्थ शिक्षा प्रणाली ऐसे विद्यार्थियों के लिए एक सुनहरे अवसर की तरह है। इग्नू में जनवरी 2025 सेशन के लिए एडमिशन अभी चल रहे हैं। इग्नू के विभिन्न सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन में 300 से अधिक पाठ्यक्रमों में एडमिशन ले सकते हैं।

### संत शिरोमणि रविदास का जीवन समाज उत्थान व राष्ट्र प्रेम को समर्पित : आर्य

**चरखी दादरी।** चंदेनी स्थित सनराइज सीनियर सेकेंडरी स्कूल में महर्षि दयानंद सरस्वती व संत शिरोमणि रविदास की जयंती अवसर पर हवन यज्ञ सहित समाज उत्थान को समर्पित स्वामी दयानंद सरस्वती विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। योग शिक्षक बिशन सिंह आर्य ने वैदिक मंत्रों के साथ हवन का शुभारंभ किया। विद्यालय संचालक एवं प्राचार्य पवन सांगवान ने मुख्य यजमान के रूप में आहुति समर्पित की। योगासन एवं खेल संगठन के जिला सचिव योगाचार्य सुरेंद्र आर्य बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। यज्ञ में शिक्षण स्टाफ व छात्र-छात्राओं ने वैदिक मंत्रों के साथ आहुति अर्पित की। योग शिक्षक बिशन सिंह आर्य ने कहा महर्षि दयानंद सरस्वती और संत शिरोमणि रविदास का जीवन समाज उत्थान व राष्ट्र प्रेम को समर्पित रहा। उन्होंने सदैव सामाजिक कुरीतियों जैसे बाल विवाह, मूर्ति पूजा, सती प्रथा ,जातीय भेदभाव के खिलाफ लड़ाई लड़ी। उन्होंने सदैव पवित्र आचरण पर बल दिया । संत रविदास की मन चंगा तो कठौती में गंगा युक्ति आज भी प्रासंगिक है। महर्षि दयानंद सरस्वती ने देशवासियों को राष्ट्रवाद के लिए प्रेरित किया। उन्होंने ही सबसे पहले स्वदेशी का उद्घोष किया। उन्होंने अंग्रेजी शासन व्यवस्था के खिलाफ समाज को एकजुट करने का प्रयास किया उनके द्वारा स्थापित आर्य समाज ने भी देश के स्वाधीनता आंदोलन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। महर्षि दयानंद सरस्वती द्वारा रचित सत्यार्थ प्रकाश द्वारा उन्होंने धार्मिक, सामाजिक, कुरीतियों का खुलकर विरोध किया ।

**योजना** जागरूकता के अभाव में कोई नागरिक योजना के लाभ नहीं रहना चाहिए वंचितः डाक अधीक्षक

# डाक विभाग ने चलाई वार्षिक 565 रुपये में 10 लाख रुपये की दुर्घटना बीमा योजना

- डाक विभाग की योजना जन-जन तक पहुंचाने के लिए पांच दिवसीय जागरूकता शिविर शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भारतीय डाक विभाग द्वारा वार्षिक 565 रूपये में 10 लाख रुपये की दुर्घटना बीमा योजना चलाई है। इस योजना को भिवानी, दादरी, महेंद्रगढ़, नारनौल जिला के प्रत्येक गांव में जन-जन तक पहुंचाने के लिए भिवानी डाकघर द्वारा पांच दिवसीय जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जो मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। भिवानी डाक अधीक्षक संजय कुमार ने



भिवानी। भारतीय डाक विभाग की बीमा योजना की जानकारी देते डाक विभाग के कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

बताया कि भारतीय डाकघर ने अपने ग्राहकों के लिए 10 लाख रुपये की दुर्घटना बीमा की विशेष योजना निकाली है, जिसके तहत 565 रूपये प्रति वर्ष अदा कर योजना का लाभ उठा सकते है।

उन्होंने बताया कि बीमा योजना का लाभ लेने 18 से 65 वर्ष की आयु होनी चाहिए, जिसकी राशि 10 लाख रूपये है। योजना के तहत किसी भी प्रकार की दुर्घटना में मृत्यु होने पर 10 लाख रूपये की बीमा राशि मिलती है।

इसके अलावा दुर्घटना में गंभीर घायल होने पर एक लाख रूपये तक की अधिकत्तम बीमा राशि मिलेगी। डाक अधीक्षक ने बताया कि बीमा योजना के तहत स्थायी विकलांगता व स्थायी आंशिक विकलांगता में 10-10 लाख रूपये, आईपीडी के तहत एक लाख रूपये, 15 दिनों तक अस्पताल के 500 रूपये प्रतिदिन तक का खर्चा, हड्डी टूटने पर एक लाख रूपये, बाल शिक्षा के तहत बीमित सदस्य की आकस्मिक मृत्यु होने पर अधिकतम 2 बच्चों के लिए 50 हजार रूपये तक के लाभ मिलते है। डाक अधीक्षक संजय ने बताया कि अन्य बीमा योजना के तहत सिर्फ मौत होने पर ही बीमित व्यक्ति के परिजनों को लाभ मिलता है, लेकिन डाक विभाग की इस योजना के तहत बीमित व्यक्ति की मौत होने के अलावा गंभीर घायल होने पर भी इस योजना का लाभ मिलता है। जिसके तहत व्यक्ति को सिर्फ 1.55 रुपये प्रति दिन देना होगा। उन्होंने योजना की जानकारी प्रत्येक जन तक पहुंचाने के लिए पांच दिवसीय जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, क्योंकि कई बार लोग जागरूकता के अभाव में योजनाओं से वंचित रह जाते है।

### क्षेत्र की सुख समृद्धि के लिए किया हवन यज्ञ, लगाया भंडारा

**बाढ़ड़ा।** बाढ़ड़ा के मुख्य क्रांतिकारी चौक पर स्थित श्रीबालाजी मंदिर में क्षेत्र की सुख समृद्धि के लिए हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें बाढ़ड़ा व्यापार मंडल प्रधान सुंदर ठेकेदार सहित कस्बे के दुकानदारों ने आहुति अर्पित कर क्षेत्र के कुशल मंगल की कामना की। इस दौरान भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमें जिला परिषद चेयरमैन मंदीप डालावास सहित क्षेत्र के लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। बाढ़ड़ा व्यापार मंडल प्रधान सुंदर ठेकेदार ने मंगलवार को बताया कि श्रीबालाजी मंदिर में सांतवे भंडारे का आयोजन किया गया है। भंडारा शुरू करने से पहले देश, प्रदेश व क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना के लिए हवन-यज्ञ आयोजित किया गया। जिसमें मंत्रोच्चारण के साथ आहूति अर्पित कर लोगों के सुख व स्वस्थ रहने की कामना की गई।

### जीतपुरा सरपंच प्रतिनिधि के साथ अवैध कब्जे हटवाने पर की मारपीट, पांच पर केस दर्ज



**बाढ़ड़ा।** गांव जीतपुरा में सरपंच प्रतिनिधि के साथ गली निर्माण के लिए अवैध कब्जे हटवाने के दौरान मारपीट कर घायल करने,जातिसूचक गालियां देने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामना आया है। स्थानीय सिविल अस्पताल में एडमिट सरपंच प्रतिनिधि ने गांव के ही दबंग लोगों पर आरोप लगाए हैं। जिसके आधार पर बाढ़ड़ा थाना पुलिस ने एक महिला सहित पांच नामजद लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में सिविल अस्पताल पहुंचे जीतपुरा निवासी महिपाल ने बताया कि उसकी पत्नी मीना देवी गांव की सरपंच है। वह सरपंच प्रतिनिधि के तौर पर कार्य संभाल रहा है। उसने बताया कि गलियों पर अवैध निर्माण व फसल की बुवाई कर रास्ते बंद किए हुए है। जो करीब एक साल से गांव की गलियों व रास्तों की पैमाइश करवा रहा है और कई स्थानों पर अवैध कब्जा हटाकर पोल लगवा दिए थे। अब ग्राम पंचायत के खाते में ग्रांट आई तो गली का निर्माण कार्य शुरू करवा रखा है। रास्ते पर गांव के एक व्यक्ति का खेत पड़ता है।

## खबर संक्षेप



### कुलपति और कुलसचिव ने दी विजेताओं को बधाई

**भिवानी।** चौधरी बंसीलाल की विवि की कुलपति प्रो दीप्ति धर्माणी की अगुवाई में विश्वविद्यालय के छात्र खेल शिक्षा एवं अनुसंधान के साथ साथ सांस्कृतिक गतिविधियों में नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं इसी कड़ी में डायरेक्टर स्पोर्ट्स डॉ सुरेश मलिक ने बताया कि उत्तराखंड में आयोजित राष्ट्रीय खेलों में विवि के शारीरिक शिक्षा विभाग की शोध छात्रा सुश्री सीमा ने डिस्कस थ्रोअर में कुलपति प्रो दीप्ति धर्माणी के कुशल नेतृत्व, कुलसचिव डॉ भावना शर्मा के कुशल मार्गदर्शन एवं डायरेक्टर स्पोर्ट्स डॉ सुरेश मलिक के संयोजन में स्वर्ण पदक जीतकर परचम लहराया है। विजेता खिलाड़ी सुश्री सीमा को कुलपति और कुलसचिव ने बधाई दी।



### दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में विदाई समारोह हुआ

**भिवानी।** दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के प्रांगण में प्राचार्या डॉक्टर निर्मला नीतू के मार्गदर्शन में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों की विदाई समारोह का आयोजन किया। कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों व शिक्षकों ने कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को भावभीनी विदाई दी। ग्यारहवीं के विद्यार्थियों ने समूह नृत्य प्रस्तुति से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। 12वीं के विद्यार्थियों को विद्यालय द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट किए। कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए फैशन शो रखा, जिसमें विभिन्न आकर्षक परिधानों में सभी विद्यार्थी अत्यंत मनमोहक लग रहे थे। विदाई समारोह पर 12वीं की छात्राओं प्रियांशी, दीया, छवि, पुलकिता ,रिद्धि, दिया खेमका ,यशिका, कृतिका, भारती, रितिका, तनीषा, जिया ,कनीश, खुशी और समृद्धि ने रंगारंग समूह-नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मोहित कर दिया।

### शिकायत कर्ता को संतुष्ट करें: उपायुक्त

**भिवानी।** सरकार के निर्देशानुसार जिला व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर का निरंतर आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में उपायुक्त महावीर कौशिक सोमवार ने स्थानीय लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में लोगों की समस्याएं सुनी। उपायुक्त ने लोगों की समस्याओं को त्वरित निपटाने हेतु अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि अधिकारी समाधान शिविर में आने वाली प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लें।

## समापन समारोह में अर्जुन पदक विजेता कु. नीतू घणघस ने शिरकत की

# महिला कॉलेज में खेल उत्सव की धूम, प्रतिभागियों ने दिखाया दमखम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय, भिवानी ने प्राचार्य त्रिलोकचंद की अध्यक्षता व शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष एवं संयोजक डा. राजेश कुमार के कुशल नेतृत्व में अपना 21वां खेलकूद उत्सव व पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पवन कुमार, मुख्य दण्डाधिकारी व सचिव,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने तथा समापन समारोह में अर्जुन पदक विजेता कु. नीतू घणघस ने शिरकत की। कार्यक्रम का आग़ाज़ मार्च पास्ट से हुआ। प्राचार्य ने जनसमूह का अभिनंदन करते हुए मुख्य अतिथि का परिचय दिया और आभार व्यक्त किया।

साथ ही खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि हमें हमेशा याद रखना चाहिए कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। खेलकूद मानव शरीर के स्वस्थ रक्त प्रवाह के लिए , पाचनतंत्र व श्वसन तंत्र को सुचारू रूप कार्य करने के लिए पर्याप्त शक्ति प्रदान करता है। खेल उत्सव खिलाड़ियों के सपनों को परवाज़ देने का कार्य करता है। उन्होंने मंच से प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से सहयोगी साथियों का आभार जताया और सभी के उज्वल भविष्य का आशीर्वाद भी प्रेषित किया। इस प्रतियोगिता में दौड़, शॉट पूट, ज्वैलीन थ्रो, रिले रेस आदि खेल शामिल रहे। मुख्य अतिथि ने महाविद्यालय परिवार की सहयोग भावना, तत्परता तथा छात्राओं के अनुशासन और खेल भावना की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि वर्तमान समय में खेल जगत में वैश्विक स्तर पर हरियाणा के खिलाडियों ने अपना दमखम दिखाते हुए तिरंगे की शान को चार चांद लगाए हैं। इस प्रकार के खेल उत्सव मेरी दृष्टि में खेल व खिलाडियों के लिए एक ऐसी प्रयोगशाला का कार्य करते हैं जिनमें जोश व होश से लबालब खिलाड़ियों का निर्माण होता है और उन्हें बड़े स्तरे पर खेलने की प्रेरणा शक्ति से भरा जाता है। उन्होंने सभी के सफलतम जीवन की शुभकामनाएं प्रदान की।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शोभित अर्जुन पदक विजेता कु. नीतू घणघस ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया एवं अपने अनुभव साझा किए तथा खेल का मूलमंत्र बताते हुए कहा कि खेल हमेशा खेल भावना से खेलना चाहिए और हार-जीत की चिंता नहीं करनी चाहिए। अपनी सकारात्मक सोच के साथ पूर्ण हिम्मत, लगन, परिश्रम पर अटूट विश्वास रखते हुए खेलें। सफलता आपके कदम चूमने को विवश हो जाएगी। उन्होंने सभी के सुखद भविष्य की मंगलकामना भी मंच से दी। अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर आभार जताया। डॉ. राजेश कुमार ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सबके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उप प्राचार्या प्रो. श्वेता, प्रो. ईशा, प्रो. परमानंद, प्रो. अनीता, प्रो. सविता, डॉ. नवनीत, प्रो. ज्योति, प्रो. मंजु, प्रो. रेणू, प्रो. धर्मपाल सिंह, प्रो. सतविंद्र चौहान सहित समस्त महाविद्यालय परिवार मौजूद रहा।





**भिवानी।** प्रतियोगिता में मुख्यातिथि को स्मृति चिहन देकर सम्मानित करते हुए व कॉलेज में आयोजित प्रतियोगिता में भाला फेंकता प्रतिभागी। *फोटो : हरिभूमि*

### डिस्कस थ्रो में पूजा कुमारी प्रथम

डिस्कस थ्रो में पूजा कुमारी प्रथम, गोरा द्वितीय व श्वेता तृतीय, 400 मीटर रेस में राम भतेरी प्रथम, वर्षा द्वितीय व गोरा तृतीय, हाई जंप में रवीना प्रथम, अंजलि द्वितीय व रामबतेरी तृतीय, शॉट पुट में पूजा कुमारी प्रथम, वर्षा द्वितीय, व गोरा तृतीय, टीचिंग स्टाफ की 200 मीटर रेस में प्रो. अमित प्रथम, प्रो. मुकेश कुमार द्वितीय व प्रो. रामबीर तृतीय,नॉन टीचिंग स्टाफ की 200 मीटर रेस में यश प्रथम, अमरजीत द्वितीय व मोहित तृतीय, 100 मीटर नीम्बू रेस में श्वेता प्रथम, सोनिया द्वितीय व जया तृतीय, स्लो साइकिलिंग रेस में रामभतेरी प्रथम, सन्ध्या द्वितीय व सोनी तृतीय, टीचिंग स्टाफ महिलाओं की 200 मीटर रेस में नीलम प्रथम, प्रो. अनीता द्वितीय व प्रो. रूपम तृतीय रहे।



**भिवानी।** प्रतियोगिता में लंबी छलांग लगाते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

# दो दिवसीय पड़ाव की तैयारियों को लेकर चर्चा



**भिवानी।** कर्मचारियों को संबोधित करते कर्मचारी नेता। *फोटो : हरिभूमि*

- हरियाणा में 8वें वेतन आयोग के अलग से गठन को लेकर दिया जाएगा पड़ाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हरियाणा गर्वमेंट पीडब्ल्यूडी मेकेनिकल वर्कर्ज यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की शखा पब्लिक हेल्थ शहरी ब्रांच, अर्ध शहरी ब्रांच, फील्ड ब्रांच की मीटिंग देवसर चुंगी स्थित मैन डिस्पोल पर मंगलवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान अनिल बागड़ी ने की तथा मंच का संचालन जिला सचिव सोमबीर पालुवास ने किया। मीटिंग में मुख्य रूप से 15 व 16 फरवरी को सीएम सिटी कुरूक्षेत्र में होने वाले दो दिवसीय पड़ाव व प्रदर्शन की तैयारियों को लेकर चर्चा करना रहा।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रधान अनिल बागड़ी ने कहा कि सरकार कर्मचारियों की जायज मांगों को लगातार अनदेखा कर रही है तथा अपनी मांगों को लेकर पिछले लंबे समय से संघर्षरत्त कर्मचारियों का सब्र अब जवाब दे दिया गहै, जिसके चलते उन्होंने 15 व 16 फरवरी को कुरूक्षेत्र में दो दिवसीय पड़ाव व प्रदर्शन कर प्रदेश के मुख्यमंत्री को चेताने का फैसला लिया है। शहरी ब्रांच के प्रधान नरेंद्र शर्मा ने बताया कि वे कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, हर वर्ग के कर्मचारी को पांच हजार रूपये जोखिम भत्ता, पुरानी पेंशन बहाल, वेतन विसंगतिया दूर करने, स्थायी भर्तियां करने, हरियाणा में 8वें वेतन आयोग का अलग से गठन करने सहित अन्य मांगों को लेकर संघर्षरत है, लेकिन सरकार कर्मचारियों की मांग मानने की बजाय उन्हे प्रताड़ित कर रही है। फील्ड ब्रांच प्रधान विनोद देवसर ने कहा कि सरकार एचकेआरएन कर्मचारियों को जॉब सिक्योरिटी देने की बात कह रही है, वहीं दूसरी तरफ हजारों की संख्या में कर्मचारियों को रोजगार से बाहर का रास्ता दिखाया जा रहा है। इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष विनोद तंवर, प्रवीण कुमार, सूबे यादव, रविदत्त, सुंदर, सतीश, आशुतोष, रामनिवास, रमन, विनोद मिताथल, पवन, गुरूवचन आदि मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर दिखाई प्रतिभा

- लिटिल हार्टस पब्लिक स्कूल देवसर में लिटल वंडर कार्निवल की धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

कुसुम्भी मोड़ स्थित लिटिल हार्टस पब्लिक स्कूल देवसर में लिटिल वंडर कार्निवल समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यतिथि के रूप में वैश्य महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय गोयल, आदर्श महिला महाविद्यालय की रिटायर्ड प्रोफेसर डॉ. इन्दु शर्मा व वैश्य महाविद्यालय की प्रोफेसर डॉ. सीमा बंसल विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों ने द्वीप प्रज्जवलन से की व विद्यार्थियों ने मनमोहक स्वागत गीत प्रस्तुत किया। विद्यालय के एमडी पवन गोयल, भावना गोयल व प्रबंधक सतीश गोयल ने बताया कि विद्यार्थियों में आत्म विश्वास व उनकी उत्कृष्ठ प्रतिभा को उजागर करने के लिए समय-समय पर विद्यालय में इस प्रकार के आयोजन करवाये जाते रहते है, जिससे विद्यार्थियों का चहुंमुखी विकास हो सके। निदेशक राहुल गोयल व मेघा जैन ने बच्चों की परफोरमेंस के बारे में बताते हुए कहा कि फैशन-शो प्रतियोगिता में नर्सरी कक्षा के नन्हें मुन्हे बच्चों ने अपने अभिभावकों के साथ आकर्षक परिधानों में रैंपवाक कर कॉन्फिडेंस का परिचय दिया। एलकेजी व यूकेजी कक्षा के मासूम बच्चों ने अपनी उदभुत प्रतिभा का प्रदर्शन कर फैन्सी ड्रैस प्रतियोगिता में समाज के विभिन्न चरित्रों का चित्रण किया एवं अपनी आकर्षक वेशभूषाओं व अनोखी प्रस्तितियों से सभी का ध्यान अपनी ओर केन्द्रित कर सबका मनमोह लिया। नर्सरी कक्षा की नमिशा, सानवी, हर्ष व आयान ने प्रथम स्थान व भविष्य ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। एल.के.जी कक्षा के उधम सिंह, हिमानी, तनवी ने प्रथम, मनिका, इनायत, विधि ने द्वितीय व वासुदेव, ओजस्वी, रूसांत व समर्थ ने तृतीय स्थान प्राप्त किए व यू.के.जी. कक्षा के हिमानी, प्रिन्सी ने प्रथम, साहिल, मानवी, हितेश, नाडया ने द्वितीय तथा वंश, नैतिक, भव्य, अक्षिता, शोर्य व मंयक को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

कक्षा आठवी की छात्राओं साक्षी, दिपिका, हंशिका, वंशिका, भावना, हिमांशी, तमन्ना, सुनिधि ने पिंगा मराठी लोकनृत्य व कक्षा पांचवी की मानसी, भावना, यंशिका, तन्नु, संध्या, तनवी, मुक्ती, तमन्ना, भारती, जया व देविका ने रेट्रो थीमस पर शानदार नृत्य प्रस्तुत किया।





**भिवानी।** कार्यक्रम में प्रस्तुति देती छात्रा। *फोटो : हरिभूमि*

# डीसी ने बच्चों को दिए सफलता के मूलमंत्र

- आसलवास दुबिया स्थित सरस्वती विद्या विहार सीनियर सेकेंडरी स्कूल में डीसी महावीर कौशिक ने बच्चों से की बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

डीसी महावीर कौशिक ने कहा कि जीवन में सफलता के लिए पारिवारिक पृष्ठभूमि नहीं मेहनत और जज्बा महत्त्व रखता है। अगर जीवन में कुछ कर गुजरने का जज्बा और दृढ़ संकल्प हो तो कामयाबी अवश्य मिलती है।

डीसी महावीर कौशिक गांव आसलवास दुबिया स्थित सरस्वती विद्या विहार सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित फ्रॉम द क्लासरूम टू सिविल सर्विसेज,टॉक विद डीसी कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर रहे थे। इस मौके पर स्कूल प्रबंधकारिणी समिति के चेयरमैन राजबीर सिंह,स्कूल डायरेक्टर अभिषेक कल्याण और प्राचार्य जोगेंद्र भारद्वाज ने डीसी का स्वागत किया। अढ़ाई घंटे तक चले सीधे संवाद कार्यक्रम में डीसी महावीर कौशिक ने नॉन स्टॉप अंदाज में बच्चों के सवालों के जवाब दिए। इस अनूठे कार्यक्रम में डीसी ने अपने बाल्यकाल से लेकर अध्यापन काल और आई ए एस अधिकारी काल के अनुभव सांझा किए। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और शिक्षा पर ही चर्चा हुई तो जीवन की चुनौतियों और कठिनाइयों पर कैसे पार पाया जा सकता है,इस पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।



**भिवानी।** बच्चों से हालचाल पूछते उपायुक्त महाबीर कौशिक। फोटो : हरिभूमि

### लक्ष्य तय कर कड़ी मेहनत करें

एक अन्य छात्रा ने डीसी महावीर कौशिक से सवाल किया कि लक्ष्य को कैसे हासिल किया जा सकता है तो उन्होंने अर्जुन और मछली की आंख का उदाहरण देकर लक्ष्य पर फोकस रखने की बात कही। एक छात्र ने उपायुक्त से इतने बड़े पद पर रहने पर नाम और फेम कैसे बरकरार रखा जा सकता है,ये प्रश्न किया तो डीसी ने कहा कि परिवार,विद्यालय और मित्रों के स्वभाव और अच्छे संस्कारों से यह संभव है। इस मौके पर डीसी ने ठेठ हरियाणवी अंदाज में बच्चों की हौंसलाफजाई की और लक्ष्य निर्धारित कर जीवन में आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि लक्ष्य तय कर कड़ी मेहनत करें। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ पारिवारिक एवं कृषि कार्यों में वे अपने माता पिता की मदद करते रहे। डीसी ने बताया कि किसी भी पद को हासिल करने के लिए पारिवारिक पृष्ठभूमि की बजाय संस्कार अहम भूमिका निभाते हैं।उन्होंने विद्यालय प्रबंधन और अनुशासन की भूरि भूरी सराहना करते हुए कहा कि वे खुद ग्रामीण पृष्ठभूमि में पले बढ़े और उस दौर में बड़े मुकाम को अर्जित किया जब सुविधाएं नाम की थी। अब इंटरनेट के जमाने में सुविधाएं अधिक हैं। उन्होंने विद्यार्थियों खासकर छात्राओं से आह्वान किया कि वे इंटरनेट पर पड़ोसी जाने वाली अवांछित सामग्री से परहेज करें और संस्कारी बनकर अपने लक्ष्य को अर्जित करें।

### मेहनत करें

ग्रामीण परिवेश में पले बढ़े भिवानी डीसी आज ग्रामीण इलाके में स्थित विद्यालय में पहुंचकर बच्चों से रूबरू होते हुए गदगद नजर आए। उन्होंने कहा कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्र पर किसी की सफलता निर्भर नहीं करती बल्कि,मेहनत और प्रयत्नों पर सफलता निर्भर करती है। इस मौके पर स्कूल के संस्थापक संतलाल,आसलवास दुबिया के सरपंच मोहित भारद्वाज, आसलवास मरहेटा के सरपंच नरेश,प्रतीक बंसल,अरुण नेहरा, सागर सहित अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद थे।

### झिझक दूर करें

बारहवीं की छात्रा रिया ने डीसी से उनके छात्र काल के दौरान आई दिक्कतों पर सवाल किया तो डीसी महावीर कौशिक ने सहज अंदाज में बताया कि वे जब प्राथमिक स्कूल में थे तो संकोची स्वभाव के थे। उन्होंने अध्यापकों का आह्वान किया कि वे कक्षा में झिझकने वाले विद्यार्थियों को चिन्हित कर उनकी झिझक दूर करवाएं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

## हरियाणा गर्वमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्ज यूनियन ने उपमंडल अभियंता को सौंपा मांगपत्र

**भिवानी।** अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर हरियाणा गर्वमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्ज यूनियन रजि. नंबर-41 की कैरू शाखा संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के कर्मचारी मंगलवार को उपमंडल अभियंता के कार्यालय पर पहुंचे तथा उपमंडल अभियंता नवीन वर्मा को अपनी ज्ञापन सौंपकर सभी मांगें जल्द से जल्द पूरी किए जाने की गुहार लगाई। इस मौके पर कैरू मंडल के प्रधान राजपाल तंवर ने बताया कि उन्होंने प्रत्येक जलघर पर टॉयलेट-बाथरूम बनवाए जाने, जलघरों में खराबिया है उनको ठीक करवाए जाने, कौशल के कर्मचारियों को ईएसआई कार्ड पूर्ण रूप से लागू करवाए जाने आदि मांगों को लेकर उपमंडल अभियंता को मांगपत्र सौंपा है। उन्होंने कहा कि उपरोक्त मांगों को लेकर वे पिछले लंबे समस से परेशानियां झेल रहे है तथा कई बार अधिकारियों को अवगत करवा चुके है, लेकिन आज तक उनकी समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ। कर्मचारियों की समस्या सुनने के बाद उपमंडल अभियंता नवीन वर्मा ने आश्वासन दिया कि उनकी सभी जायज मांगों को जल्द से जल्द पूरा करवाया जाएगा।
इस अवसर पर सचिव कुलदीप तंवर, कोषाध्यक्ष्व विकास स्वामी ढ़ाबढ़ाणी, सुमित शर्मा, सुरेंद्र, सन्नी, मनीष, राजबीर सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।



**भिवानी।** मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

## विरोध | ग्रुप डी कर्मियों का काम है ट्रेन में हैंडब्रेक लगाना

# ट्रेन को हैंडब्रेक लगा स्थिर करने के पत्र का गार्ड्स ने किया विरोध, काली पट्टी लगा की ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

रेलवे बोर्ड ने स्टेशन पर ट्रेन स्थिर करने के लिए ट्रेन मैनेजर द्वारा हैंडब्रेक लगाने का 24 जनवरी को पत्र जारी किया हैं। रेलवे बोर्ड के जारी पत्र अनुसार ट्रेन को रेलवे स्टेशन पर स्थिर करने पर ट्रेन मैनेजर (गार्डस) द्वारा हैंडब्रेक लगाने का कार्य किया जाएगा, जबकि ये कार्य ग्रुड डी कर्मचारी प्वाइंट्समैन (कांटेवाला) का हैं। सोमवार को ऑल इंडिया गार्डस काउंसिल एसोसिएशन के पदाधिकारियों व सदस्यों ने रेलवे जंक्शन के प्लेटफार्म पर एकत्रित होकर रेलवे बोर्ड द्वारा पत्र जारी का विरोध किया और काली पट्टी बांधकर अपनी ड्यूटी की। एसोसिएशन के पदाधिकारियों व सदस्यों ने स्टेशन अधीक्षक, जीआरपी व आरपीएफ थाना प्रभारियों को ज्ञापन सौंपा।उल्लेखनीय हैं कि ट्रेन मैनेजर (गार्डस) ग्रेड वन में आते हैं और हैंडब्रेक लगाकर ट्रेन को स्टेशन पर स्थिर करने का कार्य ग्रुड डी कर्मचारी प्वाइंट्स मैन (कांटेवाला) का होता हैं। रेलवे बोर्ड ने हैंडब्रेक ट्रेन मैनेजर द्वारा लगाने का आदेश जारी करके उनके पद की गरिमा को ठेस पहुंचाई हैं, जिसका वे पुरजोर विरोध करते हैं।



**भिवानी।** ट्रेन में हैडब्रेक लगाने के आदेश का विरोध करते ट्रेन मैनेजर। *फोटो : हरिभूमि*

### उनकी पद की गरिमा को ठेस पहुंची

एसोसिएशन के भिवानी शाखा प्रधान पवन शेखावत व उपाध्यक्ष विशवेंद्र ने बताया कि ट्रेन मैनेजर का पद ग्रेड वन में आता हैं और रेलवे बोर्ड ने ग्रुड डी प्वाइंटमैन द्वारा किया जाने वाला कार्य उनसे करवाने का पत्र जारी किया हैं, जिससे उनकी पद की गरिमा को ठेस पहुंची हैं, वे इसे कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने आज काली पट्टी बांधकर अपनी ड्यूटी की और रेलवे बोर्ड के आदेश पर विरोध जताया। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने इस संबंध में स्टेशन अधीक्षक, जीआरपी व आरपीएफ थाना प्रभारियों को ज्ञापन सौंपा और मांगपत्र रेलवे बोर्ड को भिजवाकर जारी आदेश का रद करवाने की मांग की। ज्ञापन सौंपने वालों में एसोसिएशन के शाखा अध्यक्ष पवन शेखावत, उपाध्यक्ष विशवेंद्र आदि मौजूद रहे।

## रजिस्ट्री में हो रही धांधलियों को लेकर शिकायत दर्ज करवाई

**बवानीखेड़ा।** बवानीखेड़ा क्षेत्र में आसपास के गांव की किसानों की तरफ से बैंकों की और से बनवाए जा रहे किसान क्रेडिट कार्ड की भूमि की रजिस्ट्री को लेकर अखिल भारतीय किसान सभा आज मंगलवार तहसील कार्यालय में पहुंचकर नायक तहसीलदार से मिल अपनी शिकायत दर्ज करवाई। जानकारी देते हुए किसान सभा के जिला सह सचिव डॉक्टर बलबीर सिंह ने बताया कि बैंकों द्वारा किसानों के बनाए जा रहे क्रेडिट कार्ड के लिए जो भूमि बैंकों में रहन की जा रही है उसके लिए रजिस्ट्री करवाने के लिए किसान तहसील कार्यालय में पहुंचते हैं वहां रजिस्ट्री के अधिक पैसे वसूल वसूल जाते हैं।